
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# सिंधु जल संधि अब बहाल नहीं होगी ! अमित शाह का बड़ा बयान, पाकिस्तान को झटका।

Publisher Published on 21 Jun 2025



## केंद्रीय गृह मंत्री ने किया साफ, सिंधु जल संधि स्थायी रूप से निलंबित ; पाकिस्तान को अब नहीं मिलेगा पानी।

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री **अमित शाह** ने शुक्रवार को दिए एक इंटरव्यू में साफ कर दिया कि भारत ने **सिंधु जल संधि** को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, और अब इसे दोबारा बहाल करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने इस फैसले को पाकिस्तान द्वारा संधि की शर्तों के उल्लंघन का परिणाम बताया।

एक इंटरव्यू में शाह ने कहा, "नहीं, यह संधि कभी बहाल नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय संधियों को एकतरफा रद्द करना आसान नहीं होता, लेकिन हमें इसे निलंबित करने का अधिकार था और हमने वही किया।"

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत का एक्शन**

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया जब **22 अप्रैल 2025** को **जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में **26 निर्दोष पर्यटकों** की जान गई। इसके बाद से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई **कूटनीतिक** और **प्रशासनिक** फैसले लिए, जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना और पाकिस्तानी नागरिकों का निष्कासन शामिल हैं।

**अमित शाह ने क्या कहा पहलगाम हमले पर ?**

गृह मंत्री ने इस हमले को "कश्मीर में बढ़ते पर्यटन और शांति को बाधित करने की साजिश" बताया। उन्होंने कहा: "**यह हमला जानबूझकर किया गया ताकि घाटी के युवाओं को विकास से भटकाया जाए, लेकिन अब कश्मीर के लोग पहले से कहीं ज्यादा भारत के साथ खड़े है।**"

**भारत की जवाबी कार्रवाई से डरा पाकिस्तान**

अमित शाह ने यह भी दावा किया कि भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी एयरबेसों को निशाना बनाया, जिसके चलते पाकिस्तान को तुरंत सीजफायर की अपील करनी पड़ी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.